# Hindi Murli Quiz 16-02-2015

ये क्विज आज की मुरली पर आधारित है| मुरली सुनने के लिए यहाँ क्लिक करें| पुरानी क्विज के लिए यहाँ क्लिक करें |

**Q.1)** **मृत्यु तो सतयुग में भी होगी , इसलिए उसे भी मृत्युलोक कह सकते हैं | सतयुग में पर तुम अपनी ख़ुशी से शरीर छोड़ते हो |**

A. ○ True / ये वाक्य सही है

B. ◉ False / ये वाक्य गलत है

**Explanation:** अपनी खुशी से टाइम पर शरीर छोड़ेंगे, उसको मृत्युलोक नहीं कहा जाता ।

**Q.2)** **कलियुग के अन्त में सब दु :खी हैं, इसको__ कहा जाता है |**

A. ○ संगम

B. ○ बगीचा

C. ◉ जंगल

**Q.3)** **बाबा को सदा करन-करावनहार कहना रांग है |**

A. ○ False / ये वाक्य गलत है

B. ◉ True / ये वाक्य सही है

**Explanation:** मैं थोड़ेही इतने करोड़ों मनुष्यों का बैठ हिसाब रखूँगा, मुझे शरीर है तब सब कुछ करता हूँ । करनकरावनहार भी तब कहते हैं । नहीं तो कह न सकें ।

**Q.4)** **आज की धारणा के लिए मुख्य सार का चयन करें |**

***(उत्तर एक या एक से ज्यादा भी हो सकते हैं)***

A. ☑ मैं-पन का त्याग कर निरहंकारी बन रूहानी सेवा करनी है, इसे अपना फर्ज समझना है |

B. ☑ बाप जो पढ़ाते हैं, उसका रिटर्न गुल-गुल (फूल) बनकर दिखाना है ।

C. ☑ जो ज्ञानवान और योगी हैं, उनका ही संग करना है ।

D. ☑ कभी भी ईश्वरीय कुल का नाम बदनाम नहीं करना है |

**Q.5)** **हमेशा समझो शिवबाबा सुनाते हैं क्योंकि ...**

A. ○ वह ही ज्ञान दे सकते हैं |

B. ○ वही पतित पावन है |

C. ◉ वह कभी हॉली डे नहीं लेते, कभी बीमार नहीं होते ।

**Q.6)** **शब्दों को अर्थों के अनुसार जोडें --**

| | Choice | Match |
|---|---|---|
| A | ऐसे नहीं समझना है कि | हम फलाने का पूँछ पकड़कर पार हो जायेंगे । |
| B | मनुष्य समझते हैं | यह तो बड़े सेन्सीबुल हैं । |
| C | समझते हो - | अब 84 जन्म पूरे हुए । |
| D | फर्ज समझकर | सेवा करनी है | |

**Q.7)** **तुम बच्चे इस समय सच्चे साहब को जानते हो | आज की मुरली में बाबा ने तुमको क्या बोला है?**

A. ◉ राजर्षि

B. ○ फ़रिश्ता

C. ○ ब्राह्मण

**Q.8)** **बापदादा सभी बच्चों को सदा सुखदाई स्थिति की सीट देते हैं । सदा इसी सीट पर सेट रहो तो अतीन्द्रिय सुख के झूले में झूलते रहेंगे सिर्फ___ के संस्कार समाप्त करो ।**

A. ○ देह-अभिमान

B. ○ पुराने

C. ◉ विस्मृति

*Q.9)* **अपने जीवन को हीरे जैसा बनाने के लिए किस बात की बहुत-बहुत सम्भाल चाहिए?**

**A.** ◉ संग की

**B.** ○ खान-पान की

**C.** ○ धन की

*Q.10)* **धर्मराज की ड्यूटी कब शुरू होती है ?**

**A.** ○ संगमयुग

**B.** ○ कलियुग

**C.** ◉ द्वापर युग

**Explanation:** बाप के साथ धर्मराज भी है । धर्मराज की ड्यूटी भी अभी पूरी होती है । सतयुग में तो होगी ही नहीं । फिर शुरू होती है द्वापर से ।